हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
25 अगस्त 2025, भाद्रपद शुक्ल पक्ष, द्वितीया, विक्रम संवत 2082, बरेली


**PAGE NO : 06 TOP**



एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को तरंगिनी भरतनाट्यम के गुरुओं और विद्यार्थियों ने अद्भुत प्रदर्शन किया ।

# तरंगिनी में भरतनाट्यम की दी प्रस्तुति

**कार्यक्रम**

- एसआरएमएस रिद्धिमा में तरंगिनी कार्यक्रम
- गुरुओं और विद्यार्थियों ने प्रतिभा प्रदर्शन किया

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को तरंगिनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें भरतनाट्यम के गुरुओं और विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आरंभ वंदना श्रीकृष्ण गोविंदा से हुआ। विद्यार्थियों ने अंगीकम, स्रोत अधरम मधुरम, शिव कीर्तनी, स्वागतम कृष्णा, नाग स्तुति और शिव स्तुति पर भी प्रस्तुति दी। राबिन ए ने चंद्र मौलि पर और तनया भट्टाचार्य ने कृष्ण शब्दम को भरतनाट्यम के जरिये प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. मनोज टांगड़ी, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।